# पंचचौकी महाआरती में उमड़ा आस्था का सैलाब



**मंडला, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महिष्मति घाट में पंच चौंकी महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। यहां सुख समृद्धि और जिले में विकास व उन्नति की कामना करते हुए मां नर्मदा का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर रत्नेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफएवं मनोरंजन कुमार डिप्टी कमान अधिकारी सीआरपीएफ परिवार के साथ पंचचौंकी महाआरती में शामिल हुए। आरती उपरांत उन्होंने कहा कि आज इस आरती में शामिल होकर काशी बनारस की याद आ गई। वहां पर भी इसी तरह की महाआरती की जाती है। उन्होंने घाटों के सौन्दीयकरण और व्यवस्था पर भी हर्ष व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि जीवन दायिनी मां नर्मदा के दर्शन मात्र से लोगों के दुख दूर हो जाते हैं मंडला शांत एवं धार्मिक नगरी के रूप में जानी व पहचानी जाती है। बता दें कि कलेक्टर के विशेष प्रयास से महिष्मति घाट में महाआरती का आयोजन आरंभ हुआ है। यहां पर लगातार सौन्द्रींयकरण को लेकर कार्य किया जा रहा है वहीं कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके भी इस क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार प्रयास कर रही हैं। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महिष्मति घाट में आकर्षण का केन्द्र बन गया। आरती के बाद यहां पर आतिशबाजी भी की गई। यहां पंच चौंकी महाआरती में हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी पहुंचे जिन्होंने महाआरती उपरांत दीपदान करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि माँ नर्मदा नदी के माहिष्मति घाट में देवउठनी एकादशी से संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती आरंभ हुई है। मां नर्मदा महाआरती समिति मंडला के द्वारा एकादशी से माहिष्मति घाट मंडला में पंच चौंकी महाआरती का शुभारंभ किया गया। यहां पर अब नियमित रोजाना महाआरती होती है। मां नर्मदा का विधि विधान से पूजन पाठ किया गया और मां नर्मदा की भव्य पंचचौंकी महाआरती की गई। महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों ने माहिष्मती घाट पहुंचकर पूजन अर्चन किया। भीड़ में सुचारू आवागमन और वाहनों की पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।

श्रृद्धालुओं से अपील है कि वह नर्मदा घाटों पर स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग करें इस दौरान हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी पहुंचे वहीं जनप्रतिनिधि समाजसेवी पत्रकार व अधिकारी व कर्मचारियों ने मां नर्मदा के जयकारें लगाए। इस दौरान मां नर्मदा का अष्टक भी किया गया। जबलपुर ग्वारी घाट उज्जैन महाकाल और बनारस व मां गंगा तट की तर्ज पर आयोजित इस महाआरती को देखने के लिए दूर-दूर से धर्मप्रेमी पहुंचे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने छोटे हरिद्धार के रूप में इस क्षेत्र को विकसित करने की मंशा है जिसके लिए मां नर्मदा महाआरती समिति का गठन किया गया है। समिति के सफल संचालन के लिए आजीवन सरंक्षक सदस्यों की नियुक्ति की गई है। जिले का कोई नागरिक 1 लाख 51 हजार रूपए की सदस्यता राशि देंकर आजीवन संरक्षक सदस्य बन सकता है। वहीं वार्षिक सदस्य के लिए 21 हजार की राशि नियत की गई है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके ने इस सबंध में बताया था कि मां नर्मदा से लोगो की आस्था जन्मों से जुड़ी है।

मां नर्मदा तटों के विकास के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा उन्होनें कहा कि अन्य बड़े धार्मिक स्थलों की तर्ज पर मंडला में आयोजित पंचचौंकी महाआरती में शामिल होकर वे धन्य हो गई है उन्होंने कहा कि महिष्मति घाट के विकास के लिए धन की कमी नही आयेगी वहीं अन्य घाटों की भी स्थिति में सुधार किया जायेगा। वहीं कुंभ स्थल में करोड़ो की लागत से नर्मदा लोक का निर्माण होगा।

# शिवलिंगेश्वर महापुराण चरगांव का आज समापन

## होगा हवन पूजन और विशाला भंडारा



**मंडला, देशबन्धु।** शिवलिंगेश्वर महापुराण का आयोजन मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम चरगांव में 17 फरवरी से प्रारंभ हुआ 17 फरवरी को कलश यात्रा और मां की कुटिया मेंगौ माता की स्थापना की गई 18 फरवरी से 26 फरवरी तक मूल पाठ सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक किया गया शिवलिंगेश्वर महापुराण का रसपानपंडित मधुसूदन तिवारी निवारी नैनपुर द्वारा कराया गया यह कार्यक्रम संकट मोचन हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया पंडित मधुसूदन तिवारी के माता-पिता की प्रतिमा भी यहां पर स्थापित की गई उनकी एक कुटी यहां पर बनाई गई है भविष्य में यहां पर गौशाला की योजना है।

# शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**मंडला, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष रूप से शिवालयों में भव्य आयोजन हुए। भक्तों ने भगवान शिव का अभिषेक पूजन अर्चन विधि-विधान से किये। व्यास नारायण मंदिर में भी इस पर्व के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और आयोजन हुए । मंदिर परिसर भक्तों से भर रहा। लोग भगवान शिव की उपासना में अपने-अपने तरीके से भाग लिए, जैसे रुद्राभिषेक, रात्रि भर पूजा करना, और शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र चढ़ाना। व्यास नारायण मंदिर में भी इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली, और वहाँ शिव भक्तों द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन और सामूहिक पूजन का आयोजन किया गया।

## सार-समाचार

# हर कार्यकर्ता का सम्मान पहली प्राथमिकता : मिश्रा



**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** भाजपा जिला अध्यक्ष मंडला प्रफुल्ल मिश्रा के प्रथम नगर आगमन पर बिछिया मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। बंजारी माता मंदिर में पूजा-अर्चना उपरांत वाहन रैली निकाली गई जो नगर भ्रमण के बाद विनोद रंगमंच (रामलीला मैदान) में भाजपा मंडल बिछिया के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि , मातृशक्ति एवं युवा साथियों का विशाल एकत्रीकरण हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के प्रथम नगर आगमन पर मंचीय कार्यक्रम में भाजपा मंडल के सभी वरिष्ठजन, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं युवा साथियों द्वारा पुष्पमाला व पुष्पगुच्छ से मंचासीन अतिथियों का सम्मान, स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम,पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे, भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विजय आनंद मरावी जयदत्त झा ने कहा नवनिर्वाचित जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मिश्रा के कुशल नेतृत्व में पार्टी नये आयाम स्थापित करेगी। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मिश्रा ने जनसमुदाय और भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा सबकों साथ लेकर वह पार्टी और मजबूत बनाएंगे।

**इनकी रहीं उपस्थित** -भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष डिंडोरी नरेंद्र राजपूत,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र पटेल, भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम, उमेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अखिल सिहारे, अशोक नानकानी,इलावती पाटिया, रजनी मरावी, दान सिंह राजपूत, वीरेंद्र अग्निहोत्री,शशिकांत श्रीवास्तव, शोभित रावत,अजयपुरी गोस्वामी, नरेश राजपूत, दीपक कटारे, सम्पू अतुल कटारे, राकेश यादव, जमुना यादव, ज्ञानेंद्र शुक्ला, प्रकाश साहू, सौरभ अग्रवाल,वंटी बजाज, विकास शिवहरे, विकास गोस्वामी,कमलू, मोहन, राजेश, लल्ला, हेमराज, राजेन्द्र यादव, प्रहलाद, सहदेव, बद्री झारिया, दीपसिंह मरावी, भादू सिंह उइके, दोलत ठाकुर, चन्द्रकुमार झारिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिलास्तरीय किसान सम्मान समारोह व जिला उत्पाद मेला का आयोजन

**डिंडोरी, देशबन्धु।** आज सोमवार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त का वितरण भागलपुर (बिहार) से किया, उक्त कार्यक्रम के माध्यम से जिले के 1 लाख 30 हजार 500 हितग्राही किसानों को सिंगल क्लिक के माध्यम हितलाभ प्रदान किया गया। जिला स्तरीय मेला कार्यक्रम किसान सम्मान समारोह सह एक जिला एक उत्पाद मेला एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट ग्राउंड में किया गया, जिसमें कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में शहपुरा विधायक श्री ओम प्रकाश धुर्वे, डिंडोरी विधायक श्री ओमकार मरकाम, कलेक्टर नेहा मारव्या, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और हितग्राही उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**डिंडोरी, देशबन्धु।** शहपुरा थानाक्षेत्र में शहपुरा जनपद पंचायत के बिझोरी गांव में ग्रामीणों ने मंगलवार को पंचायत भवन में ताला जड़ दिया। ग्रामीणों का ने सरपंच धर्मी बाई, सचिव मनोहर आर्मी और रोजगार सहायक राकेश झरिया पर शासकीय कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

# आबादी में स्थित कबाड़ दुकान में लगी भीषण आग

## मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, लोगों का लगा हुजूम



**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 पठानी मोहल्ला घनी आबादी वाले मुहल्ले की एक कबाड़ दुकान के भारी कबाड़ में अचानक लग गई । भीषण आग देखते ही देखते बेकाबू हो गई आग बुझाने मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार आग पर काबू पाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।

नगर के मध्य रहवासी क्षेत्र में घनी बस्ती होने के पश्चात भी ग्राम वासियों ने अनेकों बार प्रशासन को अवगत कराया जिस पर प्रशासन संबंधित कबाड़ी को नोटिस भी दिया। इसके पश्चात भी कबाड़ का भंडारण रोड के ऊपर बढ़ता जा रहा था इसी भंडारण में आज शाम लगभग 4-5 बजे अचानक लगी आग ने संपूर्ण नगर को खौफ पैदा कर दिया धीरे-धीरे आग बढ़ती जा रही। और इस तर्ज पर आग को बुझाने प्रयास चलते रहे देखते-देखते नगर में देखने वालों का मजमा लग गया। नगर परिषद की दमकल ट्रैक्टर टैंकर और नजदीकी रह वासियों ने आग बुझाने का संपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक आग पर तक काबू नहीं पाया गया है। स्थानीय प्रशासन इस ओर आबादी वाले क्षेत्र पर ज्वलनशील पदार्थ कबाड़ डीजल पेट्रोल या अन्य सामान रखने पर पाबंदी के होते हुए भी पाबंदी नहीं होने के कारण आज भीषण आग लग गई। इस संबंध में थाना प्रभारी बिछिया ने बताया कि बिछिया पुलिस ने मामला पंजी बद्ध कर जांच शुरू कर दी है एसडीम के दो बार नोटिस दिए जाने पर कबाड़ नहीं हटाया जाना हैरत की बात है ? पाइप लाइन को धक कर ऊंचा ब्रेकर बना दिया था , मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# फंसाने के लिए रची थी गोलीकांड की साजिश, चार गिरफ्तार

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के पथरिया थाना अंतर्गत जेरठ चौकी क्षेत्र के हिनौता घाट में एक सप्ताह पहले पेट्रोल मांगने के विवाद पर हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन की तलाश जारी है। पथरिया टीआई सुधीर बेगी ने बताया कि घटना शुरू से ही संदिग्ध लग रही थी, क्योंकि सिर्फ पेट्रोल के विवाद पर गोली चलाना असामान्य था। साइबर सेल की मदद से जांच में पता चला कि गोलीकांड की साजिश शुक्ला परिवार को फंसाने के लिए रची गई थी। मुख्य साजिशकर्ता विक्रम लोधी का शुक्ला परिवार से हत्या के मामले में विवाद चल रहा था। विक्रम ने सोचा कि अगर शुक्ला परिवार पर धारा 307 के तहत झूठा केस दर्ज हो जाएगा, तो वे समझौता करने को मजबूर हो जाएंगे। योजना के अनुसार, 19 फरवरी को विक्रम ने हरिओम जाटव और दमोह के मागंज वार्ड के छह साथियों के साथ मिलकर साजिश रची। उन्होंने झिरा गांव में क्रिकेट खेल रहे राजेंद्र शुक्ला की पहचान की। खेल के बाद, पेट्रोल खत्म होने का बहाना बनाकर राजेंद्र को रोका गया। विक्रम ने राजेंद्र की बाइक की चाबी निकाली और छोटू जाटव ने हरिओम जाटव को जांघ में गोली मार दी, ताकि झूठी कहानी गढ़ी जा सके। पुलिस ने नत्थू लोधी, विशाल जाटव, शिवा अहिरवार और शुभम जाटव को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी विक्रम लोधी, नवीन बौद्ध और हरिओम की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक खाते से पैसा हुआ गायब पीड़ित जांच की कर रहा मांग



**मण्डला, देशबन्धु।** गणेश प्रसाद बैरागी पिता छिद्दी दास बैरागी उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम बबैहा थाना, तहसील व जिला मंडला ने निरंजन कुमार प्रबंधक स्टेट बैंक मंडला के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई है और आवेदन की जांच की जाकर कार्यवाही किये जाने गुहार लगाई है। आवेदक के द्वारा स्टेट बैंक मंडला में अपना खाता खोला था जिसमें वह आवश्यकता पड़ने पर किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से राशि भी सहायता के रूप में प्राप्त करता था। आवेदक का स्टेट बैंक में खाता कमांक 3892142765 है जिसमें वह हमेशा ही राशि लेता रहा है उसकी बैंक में राशि लगभग 1,58,814/- रू. (एक लाख अठावन हजार आठ सौ चौदह रूपये) दिनांक 23.02.2022 को जमा रही है तथा बाद में भी उसके खाते में राशि जमा हुई है जो कि आवेदक के द्वारा अपना खाता एंट्री कराने हेतु बैंक गया था तो उसके खाते में नया बैलेंस दर्ज नहीं किया गया और बैंक में संपर्क करने पर कहा गया कि उसका खाता बंद हो चुका है। आवेदक ने बताया कि ग्राम में बैंक प्रबंधक निरंजन कुमार अपने सहकर्मियों के साथ गांव में आए थे तथा मेरी कृषि भूमि पर मुझे खड़ा करवा कर तथा स्वयं भी खड़े होकर फोटो भी खिचवाया था तथा मुझसे कहने लगे थे आवेदक के नाम पर बैंक में कुछ ऋण बकाया है।

# वन रक्षक व कॉन्स्टेबल पर मारपीट और करंट स्टिक से यातनाएं देने के आरोप

**मंडला, देशबन्धु।** इको सेंटर खटिया बफर मे पदस्थ एक वन रक्षक ने इको सेंटर के एक अन्य वन रक्षक और मंडला मे पदस्थ कॉन्स्टेबल पर मारपीट और स्टीक से करेंट लगाने के गंभीर आरोप लगाए गये है। घटना की शिकायत पीड़ित द्वारा उपसंचालक कान्हा नेशनल पार्क और पुलिस अधीक्षक से की गई है। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कान्हा प्रबंधन ने जांच करने की बात की है।

इको सेंटर खटिया मे पदस्थ पीड़ित शिवम तिवारी ने बताया कि 12 फरवरी की रात उसी के विभाग में पदस्थ एक वन रक्षक द्वारा यह कहकर खटिया से मंडला लाया गया की किसी दोस्त से मिलना है रात को वन रक्षक और कॉन्स्टेबल ने एक कमरे मे शराब पीई और किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया इस दौरान वन रक्षक शिवम तिवारी को बड़ी बेरहमी से पीटा गया इतना ही नही उसे स्टीक से करेंट भी लगाया गया। मारपीट कर उसे अदमरा कर फिर से खटिया गांव छोड़ दिया ऐसे आरोप पीड़ित द्वारा लगाए गए है ..पीड़ित के शरीर पर नीले निशान यह बताते है की बड़ी बेरहमी से उसकी पीटाई की गई है। 12 तारीख की घटना के बाद पीड़ित ने 25 फरवरी को यह शिकायत मंडला कोतवाली ,पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कान्हा प्रबंधन से की है वही कठोर कार्यवाही की बात की है। इस सारे घटना क्रम पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे शिकायत की गई है। अतरिक्त पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच की बात की है।




# परमात्मा के अवतरण का महापर्व है महाशिवरात्रि : ब्रह्माकुमारी ममता दीदी



**मंडला, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंडला के द्वारा 89 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के पावन पर्व पर बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, साथ में ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन सहित ब्रह्माकुमारी भाई बहनें उपस्थित रहे। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को 89 वीं त्रिमूर्ति शिवजयंती की शुभकामनाएं दीं। और सभी को बताया कि भगवान को इस धरा पर आए 89 वर्ष हो चुके हैं।

महाशिवरात्रि का रहस्य बताते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर हम शिवालयों में अक-धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल, गलत सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। हम दुनिया में देखते हैं कि दान की गई वस्तु वापस नहीं ली जाती है। इसी तरह परमात्मा पर आज के दिन अपने जीवन की कोई एक बुराई जो हमें आगे बढ़ने से रोक रही है, सफलता में बाधक है उसे शिव को सौंपकर मुक्त हो जाएं। अपने जीवन की समस्याएं, बोझ उन्हें सौंप दें। फिर आपकी जिम्मेदारी परमात्मा की हो जाएगी। सेंटर में भोलेनाथ शिव बाबा को भोग लगाया गया, केक कटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। शिव ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद रैली निकाली गई। यह रैली स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन से प्रारम्भ होकर स्टेट बैंक चौराहा, ज्ञानदीप स्कूल के सामने से होते हुए अंबेडकर चौराहा, चिलमन चौक, से सुभाष वार्ड स्थित सेवाकेंद्र पहुंची, जहां पर शिव ध्वजारोहण कर केक कटिंग हुआ, रैली बस स्टैंड होते हुए लालीपुर, नेहरू स्मारक होते हुए महिष्मति घाट में संपन्न हुई।

महिष्मति घाट पहुंचकर शिव भक्तों को चित्र प्रदर्शनी से सुसज्जित गाड़ी से शिव संदेश दिया गया। पर्चे रैली बैंड बाजे के साथ बड़े धूम धाम व उमंग उत्साह से निकाली गई, जिसमे आगे आगे माताएं बहनें कलश लेकर, ब्रह्माकुमार भाई बहने शिव ध्वज लेकर, शिव सन्देश लिखे स्लोगन के साथ नारे लगाकर बड़े हर्षोल्लास के साथ चल रहे थे। इसके साथ गाड़ी में सजाई हुई झाँकी आकर्षण का केंद्र रही।